देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 305 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...विकास कर रहे शहर



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 16 जनवरी 2020



मौसम अधिकतम 13.0° न्यूनतम 8.0° | 41952.63

2 ईरान को भारत से उम्मीद

7 करियर का सबसे पसंदीदा पलः कोहली

## संक्षिप्त समाचार

### उन्नाव रेपः कुलदीप सेंगर ने एचसी का खटखटाया दरवाजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। यूपी के उन्नाव रेप केस में बीजेपी से निष्कासित पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर ने बुधवार को अपनी दोष सिद्धि और सजा दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। कुलदीप को 2017 में लड़की का रेप करने के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। पिछले साल 20 दिसंबर को निचली अदालत ने सेंगर को सजा सुनाई थी और 25 लाख का जुर्माना भी लगाया था। लड़की का अपहरण करने के बाद सेंगर ने रेप किया था उस वक्त वह नाबालिग थी। मामले की सुनवाई 5 अगस्त को शुरू हुई जिस केस को बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यूपी से दिल्ली ट्रांसफर कर दिया गया।

### भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद को मिली जमानत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद को बुधवार को जमानत दे दी। आजाद पर जामा मस्जिद इलाके में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान भीड़ को उकसाने का आरोप है। उनपर यह आरोप भी है कि उन्होंने बिना इजाजत मार्च निकाला। अडिशनल सेशन जज कामिनी लाउ ने आजाद को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है।

### हिज्बुल कमांडर को सेना ने मुठभेड़ में किया ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जम्मू/डोडा। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भारतीय सेना ने एक बड़ी मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन के कमांडर हारुन हफाज को मार गिराया है। डोडा के गोंदाना इलाके में बुधवार सुबह शुरू हुई मुठभेड़ में हारुन को ढेर किया गया है। हारुन पर पूर्व में जम्मू-कश्मीर की कई आतंकी वारदातों में शामिल होने का आरोप था। सैन्य सूत्रों के अनुसार, सेना की राष्ट्रीय राइफल्स को सुबह हारुन के डोडा में छिपे होने की सूचना मिली थी।

# कानूनी पेंच में फंसी फांसी!

## निर्भया केसः दिल्ली एचसी ने दोषियों की डेथ वॉरंट पर रोक वाली याचिका खारिज की

■दोषी मुकेश ने राष्ट्रपति के पास दायर की है दया याचिका

### सरकारी वकील ने भी कहा, 14 दिन का समय मिलता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने निर्भया केस में फांसी की सजा पाए दोषियों की डेथ वॉरंट पर रोक वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि दोषी इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएं। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह फांसी की सजा में देरी की रणनीति लग रही है। हालांकि हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद भी दोषियों की फांसी 22 जनवरी को होनी मुश्किल लग रही है। दोषी मुकेश ने क्यूरेटिव पिटिशन खारिज होने के बाद राष्ट्रपति के पास दया याचिका दाखिल की है। दिल्ली सरकार के वकीलों ने यह भी तर्क दिया कि अगर राष्ट्रपति दया याचिका खारिज भी कर देते हैं उसके बाद भी 14 दिन का वक्त मिलेगा।

दोषी पक्ष के वकील ने हाई कोर्ट में कहा कि उनके क्लाइंट ने राष्ट्रपति के पास दया याचिका दाखिल की है। दया याचिका अगर खारिज भी होती है तो भी फांसी से पहले दोषी शख्स को 14 दिन का वक्त दिया जाता है। इस पर सरकारी वकील ने भी कोई आपत्ति दर्ज नहीं की इस पर दिल्ली सरकार की ओर से पेश हो रहे एएसजी ने भी कहा कि दया याचिका खारिज होने के बाद 14 दिन का वक्त नियमों के अनुसार दिया जाता है।




**सिस्टम की देरी पर जज नाराज, दिल्ली पुलिस को फटकारः** डेथ वारंट के खिलाफ दोषी मुकेश की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में दोबारा सुनवाई शुरू हुई। दिल्ली सरकार की ओर से एएसजी राहुल मेहरा ने दलीलें रखीं। जस्टिस मनमोहन ने यह भी सवाल उठाया कि जेल अधिकारियों की ओर से दोषियों को पहला नोटिस जारी करने में इतनी देर क्यों हुई? इस दौरान जज ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा- यह साफ है कि कैसे दोषियों की ओर से सिस्टम का दुरुपयोग किया गया, ऐसे में तो लोग सिस्टम से भरोसा खो देंगे।

### राष्ट्रपति के पास दया याचिका ही आखिरी उम्मीद

अब राष्ट्रपति के नाम मुकेश ने अपनी दया याचिका लगाने के लिए जेल प्रशासन को पत्र दे दिया है। यहां से बुधवार सुबह यह दया याचिका दिल्ली सरकार के होम डिपार्टमेंट में भेज दी जाएगी। जहां से केंद्रीय गृह मंत्रालय होते हुए इस याचिका को राष्ट्रपति के पास तक पहुंचा दिया जाएगा। इस पर फैसला कब होगा? इसका जवाब तो राष्ट्रपति के पास से ही मिल सकेगा। जेल अधिकारियों का कहना है कि राष्ट्रपति के पास मर्सी पेटिशन लगाने का इनके पास 21 जनवरी तक का समय है।

## कश्मीर जाना चाहती हूं लेकिन नहीं जा सकती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीएए, एनआरसी और जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के मुद्दे पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को निशाने पर लिया है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने के मोदी सरकार के कदम पर सवाल उठाते हुए ममता ने कहा, कश्मीरियों को विश्वास में क्यों नहीं लिया गया? कश्मीर मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों से विचार-विमर्श क्यों नहीं किया गया। मैं कश्मीर जाना चाहती हूं, मैं अपने कश्मीरी भाइयों और बहनों से मिलना चाहती हूं। मैंने कोई राजनीति नहीं की लेकिन मैं वहां नहीं जा सकती क्योंकि मैं एक विशेष कुर्सी से संबंधित हूं।

# आतंकियों का मददगार डीएसपी होगा बर्खास्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों के साथ गिरफ्तार डीएसपी देविंदर सिंह को राज्य पुलिस ने अपनी सेवाओं से बर्खास्त कर दिया है। देविंदर सिंह के खिलाफ दर्ज सारे मामलों की जांच अब एनआईए को सौंप दी गई है। इसके अलावा अधिकारी इस बात का भी पता लगा रहे हैं कि देविंदर कितने दिनों से आतंकी संगठनों के संपर्क में था। मंगलवार को ही देविंदर को सेवाओं से निलंबित कर दिया गया था।

कुलगाम से गिरफ्तार हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी

### सारे मामलों की जांच अब एनआईए को सौंप दी गई है

देविंदर सिंह से पूछताछ में पता चला है कि वह लंबे समय से इन आतंकियों के संपर्क में था। साथ ही यह भी खुलासा हुआ कि वह 2018 में भी इन आतंकियों को लेकर जम्मू गया था। यही नहीं, वह आतंकियों को अपने घर में पनाह भी देता था। जम्मू कश्मीर पुलिस फिलहाल देविंदर और उसके साथ पकड़े गए आतंकी नवीद से पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार डीएसपी देविंदर सिंह का इन आतंकियों के साथ लंबे समय से संपर्क



था। सूत्रों ने बताया कि आतंकियों की दिल्ली, चंडीगढ़ और पंजाब में हमले की साजिश की थी।

**13 जनवरी को हुई थी गिरफ्तारी** देविंदर को 13 जनवरी को कुलगाम जिले में श्रीनगर-जम्मू नैशनल हाइवे पर एक कार में गिरफ्तार किया गया था। वह हिज्बुल कमांडर सईद नवीद, एक दूसरे आतंकी रफी रैदर और हिज्बुल के एक भूमिगत कार्यकर्ता इरफान मीर को लेकर जम्मू जा रहा था।

### पुलिस को मिली थी सुराग

अधिकारियों ने बताया कि डीएसपी आतंकियों को घाटी से बाहर निकालने में मदद कर रहा था। बताया जा रहा है कि डीएसपी की मदद से आतंकी दिल्ली आने वाले थे। उधर डीएसपी के घर पर छापेमारी के दौरान 5 ग्रेनेड और 3 एके-47 बरामद हुई हैं। डीएसपी को आतंकियों के साथ गिरफ्तार करने की मुहिम का दक्षिणी कश्मीर के डीआईजी अतुल गोयल ने नेतृत्व किया और कुलगाम के पास आतंकियों की कार को रुकवाया था।

## जाकिर पर संग्रामः दिग्विजय ने शाह पर लगाए 'डील' के आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भोपाल। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी जाकिर नाइक को लेकर कांग्रेस और बीजेपी में ठन गई है। पहले बीजेपी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह जाकिर नाइक का समर्थन करती है। इसके बाद दिग्विजय सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि मोदी और शाह ने जाकिर नाइक को एक डील ऑफर की थी। दिग्विजय सिंह ने कहा कि जाकिर नाइक ने बयान दिया था कि मोदी और शाह ने उससे आर्टिकल 370 हटाने की बात का समर्थन करने की बात कही थी। इतना ही नहीं इस काम के बदले उसके खिलाफ चल रहे केस बंद करने का भी ऑफर दिया गया था।

# आतंक को जवाब का वक्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली कैंट स्थित आर्मी परेड ग्राउंड में आर्मी डे के मौके पर बुधवार को समारोह जारी है। इस अवसर पर आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे के हाथों जवानों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में आर्मी चीफ नरवणे ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाना ऐतिहासिक फैसला है। इससे कश्मीर को भारत से जोड़ने में मदद मिली है।' उन्होंने आगे कहा, 'पाकिस्तान के साथ प्रॉक्सी वार जारी है। पाकिस्तान को जवाब देने से पीछे नहीं हटेंगे और न ही कोई हिचक होगी। देश में शांति के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।'

**आर्मी चीफ ने पाक को दी चेतावनीः** आर्मी चीफ ने सेना दिवस पर अपने संबोधन में पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि हमारे पास आतंकवाद व इसे बढ़ावा देने वालों के लिए हमारे पास बहुत विकल्प हैं साथ ही इसके खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है। उन्होंने सेना को आश्वासन दिया और कहा, 'आपकी आवश्यकताओं को सरकार पूरा करेगी। असम राइफल्स व सेना के कारण ही पूर्वोत्तर राज्यों में सुधार है।'

### आर्मी डे

### करारा जवाब देने में नहीं हिचकेंगेः आर्मी चीफ नरवणे

**पीएम मोदी ने किया ट्वीट**

पीएम नरेंद्र मोदी ने सेना दिवस पर शुभकामनाएं दी और ट्वीट कर सेना को प्रोत्साहित किया। उन्होंने ट्वीट कर कहा, 'हमारी सेना अपनी वीरता के लिए जानी जाती है। अपने मानवता के लिए भी इनका सम्मान होता है। जब भी लोगों को मदद की जरूरत होती है, हमारी सेना वहां पहुंच जाती है और हर संभव सहायता करती है।'

### पहली भारतीय महिला परेड एडज्यूटेंट

भारतीय सेना दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी सेना है। मौके पर आर्मी चीफ ने परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर परेड की कमान भारतीय सेना की कैप्टन व परेड एडज्यूटेंट के तौर पर पहली भारतीय महिला तान्या शेरगिल ने संभाली है। बता दें कि परेड के लिए जिम्मेदार 'परेड एडजुटेंट' होता है। उन्होंने बताया कि अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई से मार्च 2017 में कमीशन प्राप्त करने वाली शेरगिल ने इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार में स्नातक किया है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in